# मेवाड़ विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने योग प्रतियोगिता में बाजी मारी

चित्तौड़गढ़ (प्रातःकाल संवाददाता)। राष्ट्रीय योगासन खेल संघ चित्तौड़गढ़ के तत्वाधान में रविवार को मेवाड़ गर्ल्स कॉलेज में आयोजित हुई एक दिवसीय योगासन प्रतियोगिता में मेवाड़ विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने पदक जीते। यह प्रतियोगिता बालक एवं बालिकाओं के अलग-अलग तीन वर्गों में आयोजित हुई, जिसमें सम्पूर्ण जिले के कई शिक्षण संस्थानों के विद्यार्थियों ने भाग लिया। पारम्परिक, कलात्मक एवं ताल के साथ किये जाने वाले योगासनों में प्रतिभागीयों ने कई प्रकार के योगासन प्रदर्शित किये। प्रतियोगिता में मेवाड़ विश्वविद्यालय की योग विभाग की विद्यार्थी अनुषा कुमावत ने सीनियर कलात्मक एवं पारम्परिक योगा प्रतियोगिता दोनों में गोल्ड मेडल प्राप्त करके राज्य स्तरीय योग प्रतियोगिता के लिये स्थान बनाया तथा विश्वविद्यालय के एक अन्य विद्यार्थी प्रतीक ने पारम्परिक योग प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीतकर अपनी श्रेणी पारम्परिक योग की राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में जगह

Pratahkal 23-08-2022

# जिला स्तरीय योगासन संपन्न, परिणाम घोषित

भास्कर संवाददाता | चित्तौड़गढ़



जिला स्तरीय योगासन प्रतियोगिता मेवाड़ गर्ल्स कॉलेज गांधीनगर में आरवाईएसए के जिलाध्यक्ष गोविंदलाल गदिया की अध्यक्षता एवं डॉ. अरविंद सनाढ्य के मुख्यातिथ्य में हुई। अध्यक्ष गदिया ने कहा कि योग से ही मानव स्वस्थ रहता है। और करो योग रहो निरोग का संदेश दते हुए सभी बालक बालिकाओं को खेल भावना से भाग लेने को प्रेरित किया। आरवाईएसए सचिव योग गुरु सुरेश शर्मा ने बताया कि द्वितीय जिला स्तर योगासन प्रतियोगिता तीन वर्गो में आयोजित की जा रही है। इसमें ट्रेडिशनल सिंगल ,आर्टिस्टिक सिंगल, आर्टिस्टिक पेयर और रिधिक पेयर के रूप में हुई। प्रतियोगिता का समापन सचिव सुरेश शर्मा एवं मेवाड़ विश्वविद्यालय के योग विभाग की डीन सुरभि शर्मा के मुख्य अतिथि के सानिध्य में हुआ। प्रतियोगिता में मुख्य जज अनुष्काकुमारी और जज के रूप में सुरभि शर्मा, अंकित खरब, आदित्य आंजना, राधेश्याम धाकड़, बप्पा विश्वास, अनुसूइया चूंडावत, भगवती , प्रतिभा भारद्वाज, ने खिलाड़ियों का चयन किया। सहयोग बैंक के पूर्व प्रबंधक मेवालाल खोईवाल का रहा। प्रतियोगिता के जारी निर्णय के अनुसार सब जूनियर छात्रा ट्रेडिशनल योगासन में प्रथम अपूर्वा, द्वितीय रिचिका ,तृतीय आरोही, आर्टिस्टिक सिंगल प्रथम अपूर्वा दितीय हर्षिका, आर्टिस्टिक पेयर प्रथम हर्षिका और तन्वी रही।

इसी प्रकार सब जूनियर छात्र ट्रेडिशनल योगासन में प्रथम अरहम, द्वितीय युवराज, तृतीय सचिन और आर्टिस्टिक सिंगल में प्रथम अरहम एवं द्वितीय युवराज। जूनियर छात्रा वर्ग ट्रेडिशनल में प्रथम निधि द्वितीय आकांक्षा तृतीय प्रियंका रही। आर्टिस्टिक सिंगल प्रथम रिधिका द्वितीय निधि व आर्टिस्टिक पेयर में प्रियंका और राधिका रही। जूनियर छात्र वर्ग ट्रेडिशनल योगासन में प्रथम पार्थ द्वितीय कुलदीप तृतीय पुष्कर के अलावा आर्टिस्टिक सिंगल में प्रथम पार्थ द्वितीय कुलदीप तृतीय अंशु रहे। आर्टिस्टिक पेयर में अवी और अरविंद रहे। सीनियर छात्रा वर्ग में ट्रेडिशनल योगासन प्रथम अनुष्का द्वितीय दीक्षा तृतीय पूनम तथा आर्टिस्टिक सिंगल में प्रथम अनुष्का द्वितीय दीक्षा रहे। सीनियर वर्ग छात्र में ट्रेडिशनल योगासन में प्रथम देवराजसिंह, द्वितीय हिमांशु चौधरी, तृतीय प्रतीक शर्मा रहे। आर्टिस्टिक सिंगल में प्रथम देवराजसिंह, द्वितीय हिमांशु चौधरी रहे। यह सभी छात्र छात्रा राज्य स्तर पर भाग लेंगे।

Dainik Bhaskar 23-08-2022

# राज्य स्तरीय योग प्रतियोगिता में दो विद्यार्थियों का चयन



**गंगरार।** राष्ट्रीय योगासन खेल संघ चित्तौड़गढ़ के तत्वाधान में रविवार को मेवाड़ गर्ल्स कॉलेज चित्तौड़गढ़ में आयोजित हुई एक दिवसीय योगासन प्रतियोगिता में मेवाड़ विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने पदक जीते। यह प्रतियोगिता बालक एवं बालिकाओं के अलग-अलग तीनं वर्गों में आयोजित हुई, जिसमें सम्पूर्ण जिले के कई शिक्षण संस्थानों के विद्यार्थियों ने भाग लिया। पारम्परिक, कलात्मक एवं ताल के साथ किये जाने वाले योगासनों में प्रतिभागीयों ने कई प्रकार के योगासन प्रदर्शित किये। प्रतियोगिता में मेवाड़ विश्वविद्यालय की योग विभाग की विद्यार्थी अनुशा कुमावत ने सीनियर कलात्मक एवं पारम्परिक योगा प्रतियोगिता दोनों में गोल्ड मेडल प्राप्त करके राज्य स्तरीय योग प्रतियोगिता के लिये स्थान बनाया तथा मेवाड़ विश्वविद्यालय के एक अन्य विद्यार्थी प्रतीक नें पारम्परिक योग प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीतकर अपनी श्रेणी पारम्परिक योग की राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में जगह बनाई है। इस प्रतियोगिता का आयोजन राष्ट्रीय योगासन खेल संघ के चित्तौड़गढ़ जिलाध्यक्ष गोविन्द लाल गदिया के मुख्य आतिथ्य में हुआ। प्रतियोगिता में मुख्य निर्णायक की भूमिका मेवाड़ विश्वविद्यालय की योग विंभाग की विभागाध्यक्ष सुरभी शर्मा ने निभाई। विद्यार्थियों के राज्य स्तरीय योग प्रतियोगिताओं में चयन होने से मेवाड़ विश्वविद्यालय में खुषी का मौहाल बन गया। चेयरमैन डॉ. अषोक कुमार गदिया ने विद्यार्थियों को बधाई दी।

Dainik Navajyoti 23-08-2022